पुस्तिका क्रमांक (Booklet Sl.No.): ………………..

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## प्रवेश परीक्षा : 2019

## बी.एड. (B.Ed.)

**समय :** 3:00 घण्टे **पूर्णांक :** 100

### निर्देश (Instruction)

1. प्रश्न-पत्र के साथ अलग से ओ.एम.आर. शीट उपलब्ध करायी जा रही है। इस पर दिये गये निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़कर ही इसे भरें।
2. प्रश्नों के उत्तर विकल्प क, ख, ग एवं घ को क्रमश: A, B, C एवं D समझा जाए एवं तद्नुसार OMR Answer Sheet भरें, साथ ही प्रश्न पुस्तिका (Question Booklet) में भी सही उत्तर पर ☑ का निशान लगाएं। ओ.एम.आर. शीट के साथ-साथ प्रश्न पुस्तिका का भी मूल्यांकन/मिलान किया जाएगा।
3. शिक्षण अभिरुचि, तर्क शक्ति परीक्षण एवं सामान्य ज्ञान के सभी प्रश्न (क्रमांक: 1 से 75 तक) हल करना अनिवार्य है।
4. विषय विशेषज्ञता के अंतर्गत अलग-अलग विषयों (Social Science, Hindi, English, Sanskrit, Marathi, Physics, Chemestry, Biology, Math) से प्रश्न पूछे गये हैं। अपने संबंधित विषय से प्रश्न (क्रमांक 76 से 100 तक) हल करना अनिवार्य है। विषय विशेषज्ञता का चयन अपने स्नातक (UG)/स्नातकोत्तर (PG) में पढ़े गये विषयों के आधार पर करें। इसे OMR Sheet में दिए गये कॉलम (निर्धारित स्थान) में अवश्य भरें।
5. ओ.एम.आर. शीट एवं प्रश्न पुस्तिका कक्ष निरीक्षक के पास जमा करने के उपरांत ही कक्ष से बाहर जाएं।

**अनुक्रमांक (Roll No.)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

(अनुक्रमांक (Roll No.) शब्दों में ........................................................................................................

विषय विशेषज्ञता (Specialization of Subject) ……………………………………………………..

परीक्षा केंद्र का नाम : ........................................................................................................................

परीक्षा तिथि एवं समय : ....................................................................................................................

............................ **(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)** (Candidate's Signature)

............................ **(कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर)** (Invigilator's Signature)

---

**प्राप्तांक विवरण**

**प्राप्तांक (Obtained Marks)** ………………………. **(शब्दों में)** ..........................................................

............................

**(परीक्षक के हस्ताक्षर)**

(Examiner's Signature)

## शिक्षण अभिरुचि

प्रश्न 01. अध्यापक की दैनिक दिनचर्या का अंग होता है-

(क) दैनिक रूप से पत्र पत्रिकाओं का अध्ययन करना।

(ख) छात्रों में अधिगम की दर बढ़ाने के लिए चिंतनशील रहना।

(ग) कक्षा में छात्रों के शिक्षण में नवीन प्रयोग करना। (घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 02. कक्षा में छात्र/छात्राओं का ध्यान विकसित करने के लिये आप क्या करेंगे?

(क) जिज्ञासा का विकास करना (ख) बच्चों को कहानियाँ सुनाना

(ग) भाषण ठीक प्रकार से तैयार करना (घ) कक्षा में जोर से बोलना

प्रश्न 03. आपके विचार से शिक्षा में हो रहे ह्रास को रोकने के लिए क्या आवश्यक है ?

(क) विद्यालय में पुलिस व्यवस्था की जाये। (ख) विद्यालय में खेल की समुचित व्यवस्था की जाये।

(ग) छात्र/छात्राओं में गृहकार्य के प्रति अभिभावक की जागरुकता। (घ) अध्यापकों द्वारा नियमित कक्षा-शिक्षण।

प्रश्न 04. कक्षा में संप्रेषण में सबसे शक्तिशाली बाधा क्या है?

(क) बाहरी हस्तक्षेप (ख) शिक्षण सामग्री का अभाव

(ग) शिक्षक के स्तर पर भ्रांति (घ) कक्षा में शोरगुल

प्रश्न 05. विद्यालय में कार्यानुभव के अंतर्गत बागवानी करनी है किंतु छात्र काम करने से कतरा रहे हैं तो आप उन्हें -

(क) अपने कठोर अनुशासन के बल पर काम करने को विवश करेंगे।

(ख) स्वतंत्र छोड़ देगें। (ग) स्वयं कार्य में भाग लेकर प्रेरित करेंगे।

(घ) सामाजिक स्तर पर प्रभावात्मक भाषण देंगे।

प्रश्न 06. पढ़ाते समय शिक्षक का विश्वास कब डगमगाता है?

(क) जब वह छात्रों की रुचि बढ़ाने के लिए युक्तियों का प्रयोग नहीं करता।

(ख) जब उसकी छात्रों पर पकड़ नहीं होती। (ग) जब वह पाठ की तैयारी करके नहीं जाता।

(घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 07. शिक्षण व्यवसाय को अपनाने के पीछे निम्न में से किस एक को छोड़कर सभी कारण हो सकते हैं?

(क) समाज सुधार की भावना (ख) स्वयं को एक अच्छा शिक्षक स्थापित करने की लालसा

(ग) सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाला लाभ (घ) छात्रों के सर्वांगीण विकास करने की इच्छा

प्रश्न 08. छात्रों के आवेगों का दमन करने से सम्भवत: -

(क) वे अनुशासित होते हैं। (ख) उनमें विद्रोह की भावना पनपती है।

(ग) उनकी सृजनात्मक शक्ति कुंठित हो जाती है। (घ) ख और ग दोनों।

प्रश्न 09. एक प्रभावी अध्यापक के लिये क्या आवश्यक तत्व नहीं है?

(क) वह दण्ड देने वाला हो। (ख) वह विषय को रोचक बनाये।

(ग) वह सृजनशील हो। (घ) वह उत्तम वक्ता हो।

प्रश्न 10. यदि आपके घरवालों को आपका अध्यापक/अध्यापिका बनना पसंद नहीं है तो आप -

(क) अध्यापक बनने का विचार त्याग देगें। (ख) घरवालों की परवाह नहीं करेंगे।

(ग) अध्यापक बनने के पक्ष पर अपनी दलील रखेंगे। (घ) उनकी इच्छानुसार कोई दूसरा व्यवसाय चुनेंगे।

प्रश्न 11. स्कूलों में नैतिक शिक्षा दिये जाने के संबंध में आप का क्या विचार है?

(क) स्कूलों में नैतिक शिक्षा अवश्य दी जानी चाहिए।

(ख) नैतिक शिक्षा अध्यापक को अपने व्यवहार द्वारा देना चाहिए।

(ग) नैतिक शिक्षा देना परिवार का दायित्व है। (घ) क और ख दोनों।

प्रश्न 12. वर्तमान समय में प्राइमरी शिक्षा की दुर्दशा का मुख्य कारण क्या है?

(क) शिक्षक का शिक्षण कार्य में रुचि न लेना। (ख) पाठ्यक्रम रुचिकर न होना।

(ग) शिक्षण पद्धति में कमी। (घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 13. आजकल अध्यापकों और छात्रों के बीच अच्छे संबंधों की कमी का कारण है-
(क) अध्यापकों की उदासीनता (ख) अध्यापकों का व्यावसायिक होना
(ग) छात्रों पर पाठ्यक्रम का भारी बोझ (घ) क और ख दोनों

प्रश्न 14. यदि कोई अभिभावक कभी आपसे अपने बच्चे के बारे में मिलने नहीं आये तो आप क्या करेंगे?
(क) बालक को उलाहना देंगे। (ख) उनसे स्वयं मिलने जायेंगे।
(ग) बालक पर ध्यान देना बंद कर देंगे। (घ) पत्र लिखकर उन्हें छात्र/छात्रा के बारे में सूचित करेंगे।

प्रश्न 15. भारतीय समाज के परिप्रेक्ष्य में शिक्षण एक चुनौती से भी अधिक है-
(क) धर्मान्धता एवं विवेकहीनता के कारण (ख) सांप्रदायिक द्वेष के कारण
(ग) जातीय विभेद के कारण (घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 16 . शिक्षण क्या है?
(क) एक कौशल (ख) एक कला (ग) एक व्यवसाय (घ) एक तपस्या

प्रश्न 17. अभिभावक अपने बालकों के लिए अध्यापकों से आशा करते हैं-
(क) निष्पक्ष व्यवहार की (ख) सहानुभूति एवं प्रेम की
(ग) योग्यता एवं ज्ञान की (घ) क और ख दोनों

प्रश्न 18. आपके विचार में शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए -
(क) शिक्षा ग्रहण करने के बाद नौकरी (ख) छात्रों की मानसिक योग्यता का विकास
(ग) छात्रों को साक्षर बनाना (घ) बालकों का सर्वांगीण विकास

प्रश्न 19. कक्षा नायक का चयन करते समय अध्यापक के तौर पर आप ध्यान देंगे-
(क) छात्र की बौद्धिक क्षमता का (ख) छात्र की अनुशासन के प्रति निष्ठा
(ग) अन्य छात्रों की पसंद का (घ) छात्र की शैक्षिक उपलब्धि का

प्रश्न 20. स्वतंत्र भारत में शिक्षा के माध्यम की समस्या हल न हो पाने का प्रमुख कारण है-
(क) अंग्रेजी का दबदबा। (ख) भारत का एक बहुभाषी देश होना।
(ग) भारत की राजनीति। (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 21. शिक्षक के किस गुण को छात्र सबसे अधिक पसंद करते हैं-
(क) उसकी निष्पक्षता (ख) उसका रोब
(ग) उसकी समय की पाबंदी (घ) उसकी अनुशासनप्रियता

प्रश्न 22. शिक्षकों के मध्य आपसी संघर्ष का सबसे दूषित परिणाम होता है-
(क) शिक्षण समय में कमी (ख) छात्रों का व्यवहार बिगड़ जाना
(ग) पाठ्यसहगामी क्रियाएं प्रभावित होना (घ) प्रधानाध्यापक तथा अध्यापकों के संबंध खराब हो जाना

प्रश्न 23. एक चिकित्सक तथा अध्यापक में समानता यह है कि -
(क) दोनों निदान के पश्चात ही उपचारात्मक विधि अपनाते हैं। (ख) दोनों ही व्यवसायी हैं।
(ग) दोनों शिक्षा ग्रहण करने के बाद ट्रेनिंग लेते हैं। (घ) दोनों समाजसेवी हैं।

प्रश्न 24. आपकी कक्षा के छात्रों की लंबाई में अत्यधिक असमानता है। आप किस प्रकार बैठने की व्यवस्था करेंगे।
(क) सभी छात्र अपने मनपसंद स्थान पर बैठनेको स्वतंत्र होंगे।
(ख) कद में छोटे बच्चों को ऐसे स्थानपर बैठायेंगे जिससे वह कक्षा के क्रियाकलापों में भाग ले सकें।
(ग) लंबे छात्रों को एक तरफ लाइन से बैठायेंगे।
(घ) कद के अनुसार छात्रों को बैठायेंगे।

प्रश्न 25. यदि एक छात्र आपके ऊपर आरोप लगाता है कि आपने उत्तरपुस्तिका जाँचते समय भेदभाव किया है तो आप -
(क) उसके आरोपों को स्वीकार नहीं करेंगे। (ख) उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करेंगे।
(ग) उस छात्र को सबके सामने लज्जित करेंगे। (घ) उसकी उत्तरपुस्तिका और दूसरे छात्रों की उत्तरपुस्तिका दिखायेंगे।

प्रश्न 26. मोहन प्रबीर से छोटा है, सुरेश प्रबीर से बड़ा है। मिहिर सुरेश से छोटा है परंतु प्रबीर से बड़ा है। चारों में से सबसे छोटा कौन है?

(क) प्रबीर (ख) मोहन (ग) मिहिर (घ) सुरेश

प्रश्न 27. एक फोटो की ओर संकेत करते हुये सचिन ने कहा – वह मेरे पिता की बहन के पुत्र की 'ग्रैंडमदर'' हैं। फोटो वाली महिला का सचिन से क्या संबंध है?

(क) माता (ख) आंटी (ग) कज़िन (घ) ग्रैंडमदर

प्रश्न 28. दीपक ने नितिन से कहा, ''वह लड़का जो फुटबॉल खेल रहा है मेरे पिता की पत्नी की पुत्री के दो भाइयों में से छोटा भाई है।'' फुटबाल खेलने वाले उस लड़के का दीपक से क्या संबंध है?

(क) पुत्र (ख) भाई (ग) कज़िन (घ) भतीजा

प्रश्न 29. सरोज ने पश्चिम की ओर सीधे चलना प्रारंभ किया। कुछ देर चलने के पश्चात वह बाईं ओर मुड़ गई तथा कुछ दूर चलने के बाद वह फिर बाईं ओर मुड़ गईं, अब उसका मुख किस दिशा की ओर है -

(क) पश्चिम (ख) उत्तर (ग) पूर्व (घ) दक्षिण

प्रश्न 30. सूर्यास्त होने के कुछ समय पहले सीता और गीता एक मैदान में खड़े होकर बातें कर रही थीं। यदि सीता की परछांई गीता के ठीक दायीं ओर पड़ रही है तो गीता का मुख किस ओर था?

(क) पूर्व (ख) उत्तर (ग) पश्चिम (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 31. 36, 37, 41, 50, 66, .........., 127? रिक्त स्थान पर कौन-सा अंक होगा?

(क) 91 (ख) 94 (ग) 107 (घ) 111

प्रश्न 32. किसी सांकेतिक भाषा में MOTHER के लिये 349758, UNCLE के लिए 02615 लिखा जाता है, तो HEN के लिए क्या लिखा जायेगा ?

(क) 923 (ख) 752 (ग) 872 (घ) 342

प्रश्न 33. 5 वर्ष पहले नंदिता की माँ नंदिता से तीन गुना बड़ी थी, 5 वर्ष बाद वह नंदिता से दो गुना बड़ी हो जायेगी। आज नंदिता की आयु क्या है?

(क) 20 वर्ष (ख) 15 वर्ष (ग) 35 वर्ष (घ) 10 वर्ष

प्रश्न 34. 100 मीटर लंबी रेलगाड़ी स्टेशन पर खड़े आदमी को 36 किमी./घण्टा की चाल से कितने समय में पार कर लेगी?

(क) 12 सेकेण्ड (ख) 10 सेकेण्ड (ग) 08 सेकेण्ड (घ) 05 सेकेण्ड

प्रश्न 35. A से Z तक वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर का मान क्रमश: 1 से 26 दिया गया है, तो निम्नलिखित का मान बताइये- 'OPERATIONAL'

(क) 106 (ख)125 (ग) 126 (घ) 111

**निर्देश :** (36-40) : नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में सर्वप्रथम तीन कथन और दो निष्कर्ष (I, II) दिये गये हैं। आपको दिये गये सभी कथनों को (चाहे वे तथ्यों से मेल न खाते हों परंतु सत्य मानते हुए) यह निश्चित करना है कि कौन सा निष्कर्ष तर्कसंगत है -

उत्तर (क) दीजिये, यदि केवल निष्कर्ष I निकलता हो।

उत्तर (ख) दीजिये, यदि केवल निष्कर्ष II निकलता हो।

उत्तर (ग) दीजिये, यदि न तो निष्कर्ष I हो और न निष्कर्ष II हो।

उत्तर (घ) दीजिये, यदि दोनों I, II निष्कर्ष निकलते हों।

प्रश्न 36. **कथन** – सभी खिलौने गुडियाँ हैं।

सभी गुडियाँ जोकर हैं।

कुछ खिलौनें कार हैं।

**निष्कर्ष** - I कुछ कार जोकर हैं।

II कुछ गुडियाँ कार हैं।

प्रश्न 37. **कथन** – सभी किताबें खाते हैं।

सभी कलम चाबी हैं।

कुल कलम किताबें हैं।

**निष्कर्ष** - I कुछ खाते चाबी हैं।

II कुछ चाबी किताबे हैं।

प्रश्न 38. **कथन** – सभी कलम बक्से हैं।

कुछ बक्से ब्लेड हैं।

कुछ ब्लेड फाइल हैं।

**निष्कर्ष** - I कुछ ब्लेड कलम हैं।

II कुछ कलम फाइलें हैं।

प्रश्न 39. **कथन** – सभी कप तश्तरी हैं।

कोई तश्तरी ट्रे नहीं हैं।

कुछ ट्रे कटोरे हैं।

**निष्कर्ष** - I कुछ कटोरे तश्तरी हैं।

II कोई तश्तरी कटोरा नहीं है।

प्रश्न 40. **कथन** – कुछ गुलाब काटें हैं।

सभी काटें फूल हैं।

कोई फूल पंखुड़ी नहीं है।

**निष्कर्ष** - I कोई पंखुड़ी गुलाब नहीं है।

II कुछ फूल गुलाब हैं।

प्रश्न 41. दी गई आकृति में से त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिये -



(क) 34 (ख) 38 (ग) 44 (घ) 48 या अधिक

प्रश्न-42. दी गई उत्तर आकृतियों में से उस उत्तर आकृति को चुनिए, जिसमें प्रश्न आकृति निहित है -

**प्रश्न आकृति :**



**उत्तर आकृतियाँ -**



**(क)** A



**(ख)** B



**(ग)** C



**(घ)** D

प्रश्न 43. निम्नलिखित विकल्पों को सार्थक क्रम में लिखें –

(1) मृदा (2) पौध (3) फूल (4) फल (5) पादप (6) बीज

(क) 1, 2, 3, 4, 5, 6 (ख) 1, 6, 2, 5, 4, 3 (ग) 5, 6, 1, 2, 3, 4 (घ) 1, 6, 2, 5, 3, 4

प्रश्न 44. अलका और प्रशांत, पवन की दो संतान हैं। प्रशांत के पिता पवन हैं। परंतु अलका, प्रशांत का बेटा नहीं है। अलका प्रशांत से किस प्रकार संबंधित हैं-

(क) पुत्री (ख) पुत्र (ग) बहिन (घ) भतीजी

प्रश्न 45. यदि P(÷) है, Q (x) है, R(+) है और S(-) है तब – 18Q12P4R5S6 =

(क) 36 (ख) 53 (ग) 59 (घ) 65

प्रश्न 46. श्रेणी में अगला भिन्न होगा –

1/2, 3/4, 5/8, 7/16, ? =

(क) 9/32 (ख) 10/17 (ग) 11/34 (घ) 12/35

प्रश्न 47. कौन सा शब्द निम्नलिखित शब्द के अक्षरों से नहीं बन सकता– ETHNOGRAPHIC?

(क)EARTH (ख) HEART (ग) GEAR (घ) GERMENT

प्रश्न 48. निम्न में से कौन-सा पद अलग है?

(क) बच्चा (ख) जवान (ग) लड़का (घ) बूढ़ा

प्रश्न 49. 15 अगस्त 2010 को रविवार था तो 15 अगस्त 2025 को कौन सा दिन होगा?

(क) रविवार (ख) गुरुवार (ग) सोमवार (घ) शुक्रवार

प्रश्न 50. अजय का स्थान उसकी कक्षा में ऊपर से 12वां हैं, प्रसाद का स्थान उसी कक्षा में नीचे से 18वां है, जो अजय से 8 स्थान पीछे है। कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?

(क) 34 (ख) 36 (ग) 37 (घ) ज्ञात नहीं किया जा सकता।

## सामान्य ज्ञान

प्रश्न 51. 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा' नारा किसने दिया था?

(क) भगत सिंह (ख) चंद्रशेखर आज़ाद (ग) सुभाषचंद्र बोस (घ) अरविंद घोष

प्रश्न 52. "Who lives if India dies" किसका कथन है ?

(क) जवाहरलाल नेहरु (ख) महात्मा गांधी (ग) भगत सिंह (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 53. भारत की प्राचीनतम भाषा है -

(क) संस्कृत (ख) हिंदी (ग) पाली (घ) प्राकृत

प्रश्न 54. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की शुरुआत कब हुई ?

(क) 1900 (ख) 1988 (ग) 1999 (घ) 1950

प्रश्न 55. भारत में प्रथम स्थापित परमाणु संयत्र है -

(क) तारापुर (ख) कोडईकनॉल (ग) भुज (घ) नारीमन प्वाइंट

प्रश्न 56. भारत में कितने राज्य तट रेखा से लगे हैं ?

(क) 7 (ख) 8 (ग) 9 (घ) 10

प्रश्न 57. भारत में डाक व्यवस्था शुरु करने वाला ब्रिटिश गवर्नर जनरल कौन था ?

(क) लार्ड डलहौजी (ख) लार्ड क्रिप्स (ग) लार्ड माउण्टबेटन (घ) लार्ड कर्जन

प्रश्न 58. भारत की संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप कब अपनाया था?

(क) 22 जुलाई 1947 (ख) 28 जुलाई 1947 (ग) 17 जुलाई 1947 (घ) 22 जुलाई 1948

प्रश्न 59. भारत के प्रथम लोक सभा अध्यक्ष थे -

(क) जी.वी. मावलंकर (ख) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (ग) व्योमेश चंद्र बनर्जी (घ) सरोजनी नायडू

प्रश्न 60. भारत की सबसे बड़ी सुरंग 'जवाहर सुरंग' किस राज्य में है ?

(क) राजस्थान (ख) जम्मू कश्मीर (ग) झारखंड (घ) हिमाचल प्रदेश

प्रश्न 61. भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु है -
(क) केप केमोरिन (ख) इंदिरा प्वाइंट (ग) नारीमन प्वाइंट (घ) निकोबार प्वाइंट

प्रश्न 62. भारत में शिक्षा है -
(क) नागरिक अधिकार (ख) राज्य दायित्व (ग) राजनीतिक अधिकार (घ) मूलभूत अधिकार

प्रश्न 63. भारतीय संगीत का आदिग्रंथ किसे कहा जाता है?
(क) सामवेद (ख) अथर्ववेद (ग) यर्जुवेद (घ) ऋग्वेद

प्रश्न 64. भारत में खोजा गया सबसे पुराना शहर था -
(क) सिंध (ख) हड़प्पा (ग) मोहनजोदड़ो (घ) पंजाब

प्रश्न 65. कुचिपुड़ी नृत्य किस राज्य से संबंधित है?
(क) राजस्थान (ख) आंध्रप्रदेश (ग) कर्नाटक (घ) पजांब

प्रश्न 66. 'उपनिषद्' पुस्तकें किससे संबंधित हैं?
(क) दर्शन (ख) धर्म (ग) योग (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 67. सबसे बड़ा ग्रह है -
(क) बृहस्पति (ख) शुक्र (ग) यूरेनस (घ) पृथ्वी

प्रश्न 68. भौतिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार पाने वाले प्रथम भारतीय हैं -
(क) सी.वी. रमन (ख) हरगोविंद्र खुराना (ग) जे. बी. बोस (घ) चंद्रशेखर

प्रश्न 69. वर्ष 2019 का आई.सी.सी. (ICC) क्रिकेट वर्ल्ड कप किस देश में खेला जायेगा?
(क) आस्ट्रेलिया (ख) श्रीलंका (ग) वेस्टइंडीज (घ) इग्लैण्ड

प्रश्न 70. 'खेलो इंडिया' यूथ गेम्स का दूसरा चरण 9 जनवरी 2019 में कहाँ आरंभ हुआ?
(क) पुरी (ख) राँची (ग) पुणे (घ) नई दिल्ली

प्रश्न 71. हड्डीतोड़ ज्वर को सामान्यत: क्या कहा जाता है?
(क) आंत्रज्वर (ख) पीत ज्वर (ग) नासा शोध (घ) डेंगू

प्रश्न 72. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
(क) 3 अप्रैल (ख) 4 अप्रैल (ग) 5 अप्रैल (घ) 7 अप्रैल

प्रश्न 73. निम्न में से कौन-सी संस्था भारत में राष्ट्रीय आय का आंकलन करती है?
(क) आर्थिक सलाहकार संगठन (ख) सांख्यिकी मंत्रालय
(ग) केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन (घ) वित्त मंत्रालय

प्रश्न 74. भारत के प्रथम नाभिकीय रिएक्टर का क्या नाम है?
(क) सीरियस (ख) अप्सरा (ग) ध्रुव (घ) यामिनी

प्रश्न 75. निम्न में से कौन-सा देश 'Land of Thousand Lakes' के नाम से जाना जाता है?
(क) नार्वे (ख) स्वीडन (ग) फिनलैण्ड (घ) इस्टोनिया

## सामाजिक विज्ञान (Social Science)

प्रश्न 76. निम्न में से सीखने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण क्या है-
(क) पढ़ने की योग्यता (ख) एक संपूर्ण घर या विद्यालय
(ग) सीखने की इच्छा (घ) एक अच्छा अध्यापक

प्रश्न 77. भारत में उच्च शिक्षा का दायित्व किस संस्था पर है -
(क) मानव संसाधन विकास मंत्रालय (ख) केंद्रीय शिक्षा सलाहकार मण्डल
(ग) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (घ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

प्रश्न 78. निम्नलिखित में से कौन-सी स्कूल पद्धति ग्रामीण प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिये बनी है-
(क) नवोदय विद्यालय (ख) विशिष्ट विद्यालय
(ग) केंद्रीय विद्यालय (घ) कस्तूरबा गांधी विद्यालय

प्रश्न 79. खजुराहो मंदिर का निर्माण करवाया था-
(क) पाल शासको ने (ख) चंदेल शासको ने (ग) होयसल राजाओ ने (घ) वाकाटक शासको ने

प्रश्न 80. राष्ट्रीय ज्ञान आयोग का अध्यक्ष कौन था-
(क) कृष्ण कुमार (ख) सैम पित्रोदा (ग) वेद प्रकाश (घ) डी.पी. सिंह

प्रश्न 81. 'राष्ट्रीय युवा दिवस' कब मनाया जाता है-
(क) 12 जनवरी (ख) 12 अगस्त (ग) 12 जून (घ) 12 जुलाई

प्रश्न 82. साँची का स्तूप किसने बनवाया -
(क) हर्ष (ख) अशोक (ग) बुद्धगुप्त (घ) कनिष्क

प्रश्न 83. 'लाल बक्श' की उपाधि किसे प्रदान की गयी थी -
(क) कुतुबुद्दीन ऐबक (ख) बलबन (ग) रजिया (घ) इल्तुतमिश

प्रश्न 84. पृथ्वी को कितने समय क्षेत्रों (Time Zones) में बाँटा गया है-
(क) 06 (ख) 12 (ग) 24 (घ) 48

प्रश्न 85. किंडर गार्टेन (Kinder garten) शिक्षा व्यवस्था के प्रतिपादक हैं-
(क) फ्रोबेल (ख) मॉन्टेसरी (ग) केलर (घ) टी.पी. नन

प्रश्न 86. मूल्यों को सिखाया नहीं बल्कि ग्रहण किया जाता है। भावी नागरिकों में मूल्यों का विकास कैसे किया जा सकता है?
(क) निर्देशन और परामर्श द्वारा (ख) मूल्यों के अनुपालन द्वारा
(ग) शिक्षण द्वारा (घ) कठोर अनुशासन द्वारा

प्रश्न 87. कपास किस प्रकार का तंतु है-
(क) मानवकृत (ख) संश्लेषित (ग) प्राकृतिक (घ) खनिज

प्रश्न 88. निम्न में से कौन संपूर्ण शिक्षण प्रणाली का केंद्र बिंदु है-
(क) ज्ञान (ख) शिक्षक (ग) विद्यालय (घ) विद्यार्थी

प्रश्न 89. मध्याह्न भोजन (Mid-day meal) योजना कब प्रारंभ हुई -
(क) 5 सितंबर 1995 को (ख) 8 सितंबर 1995 को
(ग) 15 अगस्त 1995 को (घ) 26 जनवरी 1995 को

प्रश्न 90. निम्नलिखित देशों में से कौन एक गणतंत्र देश नहीं है-
(क) इंग्लैंड (ख) भारत (ग) अमेरिका (घ) चीन

प्रश्न 91. भारतीय संविधान का 73वां संविधान संशोधन अधिनियम निम्न में से किस एक से संबंधित है-
(क) शहरी सरकार (ख) घरेलू हिंसा (ग) दल बदल (घ) पंचायती राज

प्रश्न 92. भारत में नीति आयोग का अध्यक्ष होता है-
(क) राष्ट्रपति (ख) प्रधानमंत्री (ग) वित्त मंत्री (घ) रिजर्व बैंक गवर्नर

प्रश्न 93. निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद संवैधानिक उपचार देता है?
(क) अनुच्छेद 30 (ख) अनुच्छेद 32 (ग) अनुच्छेद 31 (घ) अनुच्छेद 34

प्रश्न 94. किस वेद की रचना सर्वप्रथम हुई -
(क) ऋग्वेद (ख) यजुर्वेद (ग) सामवेद (घ) अथर्ववेद

प्रश्न 95. बुद्ध का पारिवारिक नाम क्या था-
(क) गौतम (ख) गौतमीपुत्र (ग) सिद्धार्थ (घ) तथागत

प्रश्न 96. विकास के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है-

(क) यह जन्म के तुरंत बाद प्रारंभ हो जाता है। (ख) यह परिवर्तनों का प्रगतिशील क्रम है।

(ग) यह एक सतत् प्रक्रिया है। (घ) यह परिपक्वता तक चलता है।

प्रश्न 97. निम्न में से कौन सा कथन असत्य है-

(क) वृद्धि एक जैविक प्रक्रिया है। (ख) विकास एक मात्रात्मक प्रक्रिया है।

(ग) अधिगम जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है। (घ) शिक्षण एक लक्ष्य-उन्मुख प्रक्रिया है।

प्रश्न 98. जर्मनी में नाज़ी दल के संस्थापक कौन थे-

(क) लेनिन (ख) बिस्मार्क (ग) मुसोलिनी (घ) हिटलर

प्रश्न 99. विजयनगर किस नदी के तट पर स्थित था-

(क) तुंगभद्रा (ख) कावेरी (ग) काली (घ) वनगंगा

प्रश्न 100. राजनीति विज्ञान के जनक माने जाते हैं-

(क) हीगल (ख) लॉक (ग) प्लेटो (घ) अरस्तू

## हिंदी (Hindi)

प्रश्न 76. अपभ्रंश भाषा का साहित्य विकास निम्नलिखित अवधि में हुआ है?

(क) आठवीं शताब्दी पूर्व (ख) आठवीं से चौदहवीं शताब्दी

(ग) दसवीं से पंद्रहवीं शताब्दी (घ) तीसरी से पंद्रहवीं शताब्दी

प्रश्न 77. ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?

(क) पैशाची (ख) नागर (ग) शौरसेनी (घ) अर्द्धमागधी

प्रश्न 78. इनमें से असत्य कथन छाटिए-

(क) छत्तीसगढ़ी- बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर आदि जिले में बोली जाती है।

(ख) कन्नौजी का केंद्र फर्रुखाबाद-इटावा है।

(ग) विद्यापति भोजपुरी भाषा के कवि हैं। (घ) मालवी का केंद्र उज्जैन-इंदौर है।

प्रश्न 79. देवनागरी लिपि में स्वर वर्णो की संख्या कितनी है?

(क) 9 (ख) 11 (ग) 13 (घ) 12

प्रश्न 80. कामायनी में कुल कितने सर्ग हैं?

(क) 8 (ख) 10 (ग) 12 (घ) 15

प्रश्न 81. 'आवारा मसीहा' किस विधा की रचना है?

(क) संस्मरण (ख) रेखाचित्र (ग) यात्रावृत्त (घ) जीवनी

प्रश्न 82. "सुबरन कौ खोजत फिरत कवि व्यभिचारी चोर'' में कौन-सा अलंकार है?

(क) श्लेष (ख) यमक (ग) निदर्शना (घ) भ्रांतिमान

प्रश्न 83. निम्न सूची को सुमेलित किजिए?

(अ) रीति 1. मम्मट

(ब) मार्ग 2. वामन

(स) संघटना 3. आचार्य कुंतक

(द) वृत्ति 4. आनंदवर्द्धन

**कोड :**

| | **(अ)** | **(ब)** | **स)** | **(द)** |
|---|---|---|---|---|
| (क) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (ख) | 3 | 2 | 4 | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (ग) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (घ) | 1 | 3 | 4 | 2 |

प्रश्न 84. विनय पत्रिका के कवि हैं?
(क) तुलसीदास (ख) सूरदास (ग) कबीरदास (घ) रैदास

प्रश्न 85. रिक्त स्थानों का सही विकल्प चुनिए-
य, र, ल, व ……… व्यंजन हैं?
(क) ऊष्ण (ख) अत:स्थ (ग) महाप्राण (घ) अल्पप्राण

प्रश्न 86. सही शब्द चुनिए-
(क) मैथली (ख) मैथिलि (ग) मैथिली (घ) मेथिली

प्रश्न 87. 'अलमारी' शब्द हिंदी में किस भाषा से आया है?
(क) तुर्की (ख) अफगानी (ग) पुर्तगाली (घ) अरबी

प्रश्न 88. 'अन्न-जल' में कौन-सा समास है?
(क) द्वंद्व (ख) द्विगु (ग) तत्पुरुष (घ) कर्मधारय

प्रश्न 89. 'गांठ का पूरा' मुहावरे का अर्थ है?
(क) खूब याद रखना (ख) गांठ बांधना (ग) मालदार (घ) गांठ से भरा हुआ

प्रश्न 90. इनमें से कौन सा स्थायी भाव नही है?
(क) शोक (ख) हर्ष (ग) भय (घ) विस्मय

प्रश्न 91. इनमें से कौन सा उपन्यास प्रेमचंद का है?
(क) त्यागपत्र (ख) सुनीता (ग) सेवासदन (घ) झूठा सच

प्रश्न 92. 'पद्मावत' महाकाव्य के कवि हैं?
(क) मुल्ला दाउद (ख) मुल्ला मंसूर (ग) मल्लिक मुहम्मद जायसी (घ) कुतुबन

प्रश्न 93. सूरदास की भक्ति किस भाव की थी ?
(क) दास्य भाव (ख) सखा भाव (ग) माधुर्य भाव (घ) करुण

प्रश्न 94. रामभक्ति धारा की सर्वाधिक चर्चित कृति है?
(क) रामचरित मानस (ख) रामचंद्रिका (ग) रामलला नहछू (घ) रामाज्ञा प्रश्न

प्रश्न 95. प्रो. नामवर सिंह की चर्चित पुस्तक का नाम है?
(क) हिंदी साहित्य का इतिहास (ख) रीतिकाव्य (ग) हिंदी का गद्य साहित्य (घ) छायावाद

प्रश्न 96. 'आंखे बिछाना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(क) इंतज़ार करना (ख) स्वागत करना (ग) आंख लाल होना (घ) प्रेम करना

प्रश्न 97. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के नाटककार का नाम बताइये।
(क) जयशंकर प्रसाद (ख) जगदीशचंद्र माथुर (ग) प्रेमचंद (घ) मोहन राकेश

प्रश्न 98. उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है?
(क) जयशंकर प्रसाद (ख) प्रेमचंद (ग) मुक्तिबोध (घ) नागार्जुन

प्रश्न 99. 'संस्कृति के चार अध्याय' पुस्तक के लेखक हैं?
(क) प्रेमचंद (ख) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (ग) रामधारी सिंह दिनकर (घ) महादेवी वर्मा

प्रश्न 100. 'आधुनिक काल की मीरा' का संबोधन किनके लिए है?
(क) महादेवी वर्मा (ख) सुभद्रा कुमारी चौहान (ग) मन्नू भंडारी (घ) कृष्णा सोबती

**Directions:** Choose the correct synonym of the words given below-

प्रश्न 76. **Precious**

(क) Necessary (ख) Valuable (ग) Single (घ) Usual

प्रश्न 77. **Bulky**

(क) Skinny (ख) Tender (ग) Sick (घ) Awkward

प्रश्न 78. **Authorise**

(क) Protect (ख) Verify (ग) Empower (घ) Neglect

**Directions:** Choose the correct antonym of the words given-

प्रश्न 79. **Enormous**

(क) Very small (ख) Very thin (ग) Very loose (घ) Very large

प्रश्न 80. **Criticise**

(क) Berate (ख) Disapprove (ग) Acclaim (घ) Enjoy

प्रश्न 81. **Conquer**

(क) Perish (ख) Surrender (ग) Triumph (घ) Divide

**Read the following passage and answer the questions that follow:**

Research suggests that there are creatures that do not know what light means at the bottom of the sea. They don't have either eyes or ears; they can only feel. There is no day or night for them. There are no winters, no summers, no sun, no moon, and no stars. It is as if a child spent its life in darkness in bed, with nothing to see or hear. How different our own life is! Sight shows us the ground beneath our feet and the heavens above us - the sun, moon, and stars, shooting stars, lightning, and the sunset. It shows us day and night. We are able to hear voices, the sound of the sea, and music. We feel, we taste, we smell. How fortunate we are!

प्रश्न 82. Judging from the passage, what is the story about?

(क) Life of sea creatures at the bottom of the sea
(ख) How changes in the season are perceived by sea creatures.
(ग) The differences between the creatures in sea and those on land
(घ) Superiority of human beings over some creatures in terms of senses.

प्रश्न 83. What are the characteristics of the sea creatures in the story?

(क) They do not hear the sound of the sea as they are accustomed to it
(ख) Live in darkness because no light reaches to the bottom
(ग) Cannot see or hear
(घ) Have the same senses as we do

प्रश्न 84. What is the child in darkness likened to?

A perfect sleeper for there is no sound to hear
A deaf child unaffected by the environment
A senseless animal
A sea creature with no seeing or hearing ability

**Directions:** In each of the following sentences, four words or phrases have been underlined. Choose the incorrect one from the options-

प्रश्न 85. Raju could always be trusted on to be late for work.

(क) Could (ख) Trusted on (ग) Be (घ) For work

प्रश्न 86. His school principal had a special attendance book and in it she painted a line at quarter past seven.

(क) Principal (ख) Attendance (ग) Painted (घ) Quarter past

प्रश्न 87. Anyonewho arrived after that timing had to sign below the line and was therefore late.

(क) Anyone (ख) Timing (ग) Below (घ) Therefore

प्रश्न 88. The principal told Raju that his lateness was now outside a joke and he had to try very hard to get up earlier.

(क) Lateness (ख) Outside (ग) Had to (घ) Earlier

प्रश्न 89. The day Raju reached school on time, there was however one small matter that he had overseen; the school was shut as it was a Sunday.

(क) However (ख) Matter (ग) Overseen (घ) As

**Directions:** complete the following sentences, choosing the correct phrasal verbs from the options given-

प्रश्न 90. Could you please ……. the music, I'm studying.

(क) Turn off (ख) Turn in (ग) Turn lower (घ) Turn

प्रश्न 91. We both ….. to meeting our new English teacher.

(क) Look up (ख) Look on (ग) Look forward (घ) Looking forward

प्रश्न 92. I have to …… the finish line and back

(क) Run up (ख) Run to (ग) Run away (घ) Run out of

प्रश्न 93. My neighbour …… of petrol yesterday

(क) Ran up to (ख) Ran to (ग) Ran away (घ) Ran out of

**Directions:** Fill in the blanks choosing the correct idiom from the options given-

प्रश्न 94. Even though best friends yet Rama and Seema are as different as …….

(क) Rice and rain (ख) Plane and train (ग) Chalk and cheese (घ) Chalk and talk

प्रश्न 95. You haven't been studying much, you'd better …… if you want to clear the entrance test

(क) Meet your Waterloo (ख) Pull up your socks (ग) Brush your hair (घ) Change your spots

प्रश्न 96. Sara was …… when she heard that she had won the essay writing competition.

(क) Over the hill (ख) On the hop (ग) Over the peg (घ) On cloud nine

प्रश्न 97. The teacher's resignation came as a ……. as no one expected it.

(क) Bolt from the blue (ख) Turn on a new leaf (ग) Cat out of the bag (घ) Soft in the head

**Directions:** Fill in the blanks, choosing from the options given-

प्रश्न 98. Are there….oranges left on the table?

(क) An (ख) Any (ग) A (घ) Much

प्रश्न 99. I like…… films.

(क) Watch (ख) Watched (ग) Watching (घ) Have watched.

प्रश्न 100. I …. a new computer last week.

(क) Have (ख) Will buy (ग) Buy (घ) Bought

प्रश्न 76. 'कादम्बरी' की विधा क्या है?
(क) निबंध (ख) आख्यायिका (ग) कथा (घ) व्याख्या

प्रश्न 77. निम्नलिखित में दण्डी की रचना नहीं है?
(क) दशकुमार चरित (ख) महावीर चरित (ग) काव्यादर्श (घ) अवन्तीसुन्दरी कथा

प्रश्न 78. 'कालिदास' संबंधित नही हैं-
(क) वेणीसंहार (ख) ऋतुसंहार (ग) मेघदूत (घ) कुमार सम्भवम्

प्रश्न 79. 'वरदराज' संबंधित हैं-
(क) चन्द्रकौमुदी (ख) सिद्धांतकौमुदी (ग) मध्यसिद्धांत कौमुदी (घ) लघु सिद्धांत कौमुदी

प्रश्न 80. 'पतंजली' संबंधित हैं-
(क) भारतीय दर्शन (ख) आस्तिक दर्शन (ग) योगदर्शन (घ) आत्मदर्शन

प्रश्न 81. 'तत्र श्लोक चतुष्टयम्' से संकेत किया गया है-
(क) शकुन्तला (ख) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (ग) दुष्यंत (घ) प्रियंवदा

प्रश्न 82. 'अर्थगौरवम्' से प्रसिद्ध हैं -
(क) भारवी (ख) भास (ग) कालिदास (घ) हर्ष

प्रश्न 83. 'गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति' द्वारा कौन प्रसंशित हुए हैं-
(क) बाणभट्ट (ख) महिमभट्ट (ग) आशाधरभट्ट (घ) मम्मट भट्ट

प्रश्न 84. 'आदिरन्त्येन सहेता' का संबंध है-
(क) प्रत्यय (ख) प्रत्याहार (ग) उपसर्ग (घ) समास

प्रश्न 85. 'महेन्द्र:' उदाहरण है-
(क) व्यञ्जन सन्धि का (ख) स्वर सन्धि का (ग) गुणसन्धि का (घ) विसर्ग सन्धि का

प्रश्न 86. पदसंज्ञा विधायक सूत्र है-
(क) आदिरन्त्येन सहेता (ख) गतिश्च (ग) प्रादय: (घ) सुप्तिङ्तंपदम्

प्रश्न 87. 'कृ' धातु, आत्मनेपद 'लोट' लकार 'मध्यम' पुरुष द्विवचन का रूप है-
(क) कुरुतम् (ख) कुर्वाताम् (ग) कुर्वाथाम् (घ) कुरूध्वम्

प्रश्न 88. 'राजन' शब्द का 'राज्ञ:' रूप किस विभक्ति में नहीं बनेगा -
(क) द्वितीया (ख) पञ्चमी (ग) षष्ठी (घ) सप्तमी

प्रश्न 89. 'भुक्त्वा विद्यालयं गच्छ, गुरूं नत्वा हितं श्रृणु।' यह उदाहरण किस प्रत्यय का है -
(क) क्तवतु: (ख) कत्वा (ग) ण्वुल (घ) क्त:

प्रश्न 90. संस्कृत व्याकरण में कारकों की संख्या मानी जाती है-
(क) 6 (ख) 7 (ग) 8 (घ) 5

प्रश्न 91. संस्कृत व्याकरण के अनुसार समास के मुख्य कितने भेद हैं-
(क) 5 (ख) 6 (ग) 7 (घ) 8

प्रश्न 92. भारतीय दर्शन की कुलशाखाएँ हैं-
(क) 3 (ख) 9 (ग) 6 (घ) 12

प्रश्न 93. रचनाकाल की दृष्टि से आधुनिकतम् वेद है -
(क) यतुर्वेद (ख) सामवेद (ग) अथर्ववेद (घ) ऋग्वेद

प्रश्न 94. 'माहेश्वर' सूत्रों की संख्या है-
(क) 28 (ख) 42 (ग) 21 (घ) 14

प्रश्न 95. 'चार आर्य सत्य' किस दर्शन से संबंधित हैं -
(क) चार्वाक (ख) जैन (ग) बौद्ध (घ) लोकायत

प्रश्न 96. 'लब्धप्रणाश' किस ग्रंथ में है -
